हिन्दी व्याकरण

पाठ – 5(लिंग और वचन)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) लिंग से क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

उत्तर– शब्द के जिस रूप से पुरूष जाति अथवा स्त्री जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते है। जैसे – भाई–बहन, शेर–शेरनी आदि।

(ख) लिंग के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर– हिन्दी में लिंग के दो भेद होते है।

(1) पुल्लिंग– जो संज्ञा शब्द 'पुरूष जाति' का बोध कराते है, पुल्लिंग कहलाते है,

जैसे– पिता, भाई, बालक आदि।

(2) स्त्रीलिंग– जो संज्ञा शब्द 'स्त्री जाति' का बोध कराते है, स्त्रीलिंग कहलाते है,

जैसे– माता, पत्नी आदि।

(ग) वचन किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते है? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर– शब्द के जिस रूप से एक या अनेक होने का बोध होता है, उस वचन कहते है।

वचन के भेद – वचन दो प्रकार के होते है।

(1) एकवचन – जिन शब्दों से एक वस्तु या प्राणी का पता चलता है, उसे एकवचन कहते हैं।

जैसे– बेटा, घोड़ा आदि

(2) बहुवचन – जिन शब्दों से एक से अधिक वस्तु या प्राणी का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते ह। जैसे– लड़के, कपडे आदि।

2. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दा के लिंग बताओ–

वाक्य		लिंग
(क) रोगी के सिर पर पट्टी बँधी है।	–	पुल्लिंग
(ख) संस्कृत सब भाषाओं की जननी है।	–	स्त्रीलिंग
(ग) आज सोमवार है।	–	पुल्लिंग
(घ) भारत देश हमें प्राणों से प्यारा है।	–	पुल्लिंग
(ङ) हमारे देश में अनेक पवित्र नदियाँ हैं।	–	स्त्रीलिंग

3. निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध करके पुनः लिखो–

(क) बच्चा रो रहे हैं।	–	बच्चे रो रहे हैं।
(ख) माताएँ जा रहा है।	–	माताएँ जा रही है।
(ग) जनताओं ने नेता का स्वागत किया।	–	जनता ने नेता का स्वागत किया।
(घ) लोग बाजार जा रहा है।	–	लोग बाजार जा रहे है।
(ङ) आजकल हत्या बढ़ती जा रही हैं।	–	आजकल हत्याएँ बढ़ती जा रही हैं।

4. लिंग परिवर्तन के लिए सही विकल्प पर गोला बनाओ–

(क) पूज्य	–	पूज्यनीया, (पूज्या), पूजने, योग्य
(ख) तरुण	–	तरुणा, तरुणवती, (तरुणी)
(ग) मालिक	–	मालिकिनी, (मालकिन), मालकनी
(घ) क्षत्रिय	–	क्षत्रिया, (क्षत्राणी), क्षत्रवती
(छ) पंडिताइन	–	पांडेय, (पंडित),पांडे

5. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलो–

(क) ऋतु ऋतुएँ

(ख) आत्मा आत्माएँ

(ग) कहानी कहानियाँ

(घ) लिपि लिपियाँ

(ङ.) रात रातें

(च) रुपया रूपय

(छ) दवाई दवाईयाँ

(ज) तितली तितलियाँ

(झ) बोतल बोतलें

(ञ) कौआ कौए

6. दिए गए प्रश्नो में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) 'हस्ताक्षर' का बहुवचन होगा–

(अ) हस्ताक्षरों (ब) हस्ताक्षरें (स) हस्ताक्षर✓

(ख) सदा बहुवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है–

(अ) लोग✓ (ब) पानी (स) वायु

(ग) 'कोयल' का स्त्रीलिंग होगा–

(अ) कोयली (ब) कोयलियाँ (स) मादा कोयल✓

(घ) 'बकरी' का पुल्लिंग होगा–

(अ) नर बकरी (ब) बकरा✓ (स) नर बकरा

(ङ.) 'कवि का स्त्रीलिंग होगा–

(अ) कवित्री (ब) कवयित्री✓ (स) कवयीत्री